देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 99 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 20 जुलाई 2022

विचार-प्रवाह...
स्वास्थ्यकर्मियों को झटका





मौसम | अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 24.0° | 39208.41

2 तालिबान दांव से चीन-पाकिस्तान अलर्ट | 7 केएल ने किया झूलन का सामना

# महंगाई, अग्निपथ, जीएसटी पर संसद में हंगामा

## सेना भर्ती में जाति प्रमाण पत्र की मांग पर विपक्ष का बवाल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन भी लोकसभा में कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने महंगाई, अग्निपथ योजना, जीएसटी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भारी शोर-शराबा किया जिसके कारण मंगलवार को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक पुनः शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीटभाई सोलंकी ने आवश्यक दस्तावेज सभापटल पर रखवाए। इस दौरान विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर बैठने का आग्रह करते हुए सोलंकी ने कहा, 'यह सदन चर्चा के लिए है। आप सभी को गरिमापूर्ण चर्चा करनी चाहिए। कई सदस्य अपने प्रश्न उठाना चाहते हैं, शून्यकाल में अपने विषय उठाना चाहते हैं।' हंगामा थमता नहीं देख उन्होंने करीब 2:05 बजे बैठक को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले आज सुबह निचले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा। लेकिन कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। बिरला ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल शुरू कराया।

इस दौरान कुछ सदस्यों ने प्रश्न पूछे और संबंधित मंत्रियों ने जवाब दिये। मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निपथ योजना पर विपक्ष लगातार हमला कर रहा है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भाजपा के मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार किया है। मालवीय का कहना है कि सेना में भर्ती होने के लिए पहले भी उम्मीदवारों को जाति और धर्म प्रमाण पत्र देना होता था। सेना की रेजीमेंट प्रणाली अंग्रेजों के जमाने से ही अस्तित्व में है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निपथ योजना के लिए जाति और धर्म प्रमाण पत्र मांगे जाने के बवाल को आधारहीन बताया है।

बता दें कि हाल ही में केंद्र ने तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की थी।

### हाथों में तख्तियां लेकर विपक्षी सदस्यों ने की नारेबाजी

विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के समीप आ गए। उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर एलपीजी सहित जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, कई वस्तुओं पर जीएसटी की दरें बढ़ाये जाने, बेरोजगारी जैसे मुद्दों का उल्लेख किया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर लौटने की अपील करते हुए कहा, 'आप (विपक्षी सदस्य) सदन के भीतर चर्चा नहीं करते और बाहर इन मुद्दों को उठाते रहते हैं, ऐसा दोहरा रवैया नहीं चलेगा।' उन्होंने कहा, 'आप सदन के बाहर किसानों-महंगाई की बात करते हैं लेकिन सदन में किसानों-महंगाई के मुद्दे पर चर्चा नहीं करते।'



### यह पूरी तरह से अफवाह: रक्षामंत्री

विपक्ष के आरोपों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूरी तरह से विपक्ष की गंदी राजनीति का हिस्सा करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अफवाह है। जो व्यवस्था पहले थी, आजादी के पहले से चली आ रही पुरानी व्यवस्था वही चल रही है। सेना में भर्ती प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुरानी व्यवस्था को जारी रखा जा रहा है।

### महंगाई के मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा

कुछ आवश्यक खाद्य पदार्थों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने और रक्षा सेवाओं में भर्ती की अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की बैठक शुरु हुई वैसे ही विपक्षी दलों ने हंगामा और नारेबाजी शुरु कर दी। सदस्य महंगाई के खिलाफ नारबाजी कर रहे थे और सरकार से कई आवश्यक पैकेट बंद खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएसपी को खनन माफिया ने डंपर से कुचला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मेवात। हरियाणा के नूंह जिले में खनन माफिया की हैवानियत सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक, खनन माफिया से जुड़े लोगों ने नूंह जिले के तावडू में तैनात डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई पर डंपर चढ़ा दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच राज्य के गृहमंत्री अनिल विज ने आरोपित खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

### जयशंकर बोले- हालात को लेकर भारत चिंतित

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सरकार ने सात दशकों में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका में बिगड़ती स्थिति पर मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक की जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ब्रीफिंग में सरकार के वरिष्ठ सदस्यों में से थे। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका में हालात विकट हैं और भारत इसे लेकर चिंतित है।

# पत्रकार कल्याण कोष में 02 करोड़ रुपये की होगी वृद्धि

## मुख्यमंत्री धामी ने ली पत्रकार कल्याण कोष की बैठक

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में पत्रकार कल्याण कोष की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार कल्याण कोष (कारपस फंड) में 02 करोड़ रुपये की वृद्धि की जायेगी। पत्रकार को दी जाने वाली पेंशन का नाम मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना करने के साथ ही इसकी नियमावली में भी सरलीकरण किया जाए। पत्रकारों एवं उनके आश्रितों को कारपस फण्ड के मूलधन से अर्जित ब्याज की धनराशि से आर्थिक सहायता दी जाती है एवं वयोवृद्ध पत्रकारों को प्रतिमाह पेंशन की धनराशि दी जाती है। बैठक में 18 प्रकरणों पर चर्चा की गई जिसमें से 16 प्रकरण आर्थिक सहायता से संबंधित एवं 02 प्रकरण पेंशन से संबंधित थे। बैठक में पत्रकार कल्याण कोष से पत्रकार आश्रितों एवं गंभीर बीमार पत्रकारों के लिए 36 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन प्रकरणों में अभी आवेदन पत्र पूर्ण नहीं हैं, उन्हें आवेदन पत्र पूर्ण करने का एक बार मौका और दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। वे पत्रकारों की समस्याओं से अवगत हैं, उनका प्रयास है कि इन समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि पत्रकारों के कल्याण की ठोस योजना बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। 2025 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में लाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है।

### दुर्घटना बीमा के लिए भी उचित समाधान

पत्रकारों के दुर्घटना बीमा के लिए भी उचित समाधान निकाला जायेगा। वयोवृद्ध पत्रकारों को दी जाने वाली मासिक धनराशि को 05 हजार रूपये से बढ़ाकर 08 हजार रूपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के इस तरह की बैठकें आगे भी आयोजित की जायेंगी।

# नुपुर शर्मा को मिली सुप्रीम कोर्ट से राहत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली भाजपा की निष्कासित नेता नुपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने नुपुर की गिरफ्तारी पर 10 अगस्त तक रोक लगा दी है। 10 अगस्त को ही मामले में अगली सुनवाई होगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्यों सरकारों को नोटिस भी जारी किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि नुपुर शर्मा के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान नुपुर शर्मा की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि उनकी जान को गंभीर खतरा है। बेंच ने आदेश सुनाते हुए याचिकाकर्ता की हत्या को लेकर वायरल बयान, सलमान चिश्ती का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इसका भी संज्ञान लिया कि यूपी के एक व्यक्ति ने याचिकाकर्ता का सिर काटने की धमकी भी दी।

**नुपुर ने बताया जान का खतरा**

### राहत

■10 अगस्त तक गिरफ्तारी पर लगी रोक

बता दें कि नुपुर शर्मा ने अदालत में याचिका दायर की थी। अपनी अर्जी में नुपुर ने कहा है कि पिछली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की प्रतिकूल टिप्पणियों के कारण उन्हें अराजक तत्वों से जान का खतरा है। उन्होंने अदालत से गिरफ्तारी में राहत देने की भी मांग की थी। अपनी याचिका में उन्होंने विभिन्न राज्यों में दर्ज 9 एफआइआर को एक जगह ट्रांसफर करने की भी मांग की। नुपुर ने कहा था कि उनकी जान को खतरा है। इसलिए कानून के मुताबिक सभी मामले एक साथ संलग्न कर दिए जाएं।

**सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी फटकार**
इस मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट से नुपुर को फटकार भी लग चुकी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पार्दीवाला की बेंच ने उनके आपत्तिजनक बयान पर फटकार लगाई थी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# हवाई यात्रियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा

### इस साल की पहली छमाही में 1.6 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी ने घरेलू पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर लगभग पाबंदी लगा दी थी, जिसका विमानन क्षेत्र पर काफी बुरा असर पड़ा। दो साल बीत जाने के बाद अब पूर्व-कोविड की तरह लोग एक बार फिर यात्रा करना शुरु कर रहे हैं। समाचार एजेंसी के मुताबिक, इसका एक सबूत मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने दी। दरलसल, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने जानकारी दी कि जनवरी से जून 2022 के बीच लगभग 1.7 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। यह साल 2021 के पहले छमाही के तुलना में 132 प्रतिशत की वृद्धि है।

सीएसएमआइए के मुताबिक, इस साल की पहली छमाही में लगभग 1.6 करोड़ यात्रियों ने मुंबई एयरपोर्ट से यात्रा की। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों में लगभग 1,30,000 उड़ान दर्ज किए गए। बता दें कि साल 2021 के पहले 6 महीने में करीब 1.76 मिलियन यात्रियों की संख्या दर्ज की गई थी।